भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.03.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2361 का उत्तर

रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

2361. श्री ज्ञानेश्वर पाटिल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) खंडवा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए चल रही और प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है;
(ख) खंडवा से अन्य प्रमुख भारतीय शहरों तक बेहतर रेल संपर्क के लिए सरकार की क्या योजनाएं हैं;
(ग) क्या सरकार का उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जनता की भारी मांग को ध्यान में रखते हुए एक नई ट्रेन चलाने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो जनता की मांग को किस प्रकार पूरा किए जाने की संभावना है

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

S.K

रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के संबंध में 16.03.2022 को लोक सभा में श्री ज्ञानेश्वर पाटिल के अतारांकित प्रश्न सं. 2361 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): रेल मंत्रालय विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से रेलवे स्टेशनों का तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है। इन व्यवहार्यता अध्ययनों के परिणामों के आधार पर, स्टेशनों को चरणों में विकसित करने की योजना बनाई गई है, विशेष रूप से वे स्टेशन जो प्रमुख शहरों और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में स्थित हो। खंडवा स्टेशन उनमें से एक है।

(ख) से (घ): खंडवा भारतीय रेल नेटवर्क से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। बहरहाल, खंडवा से रेल संपर्क में और सुधार के लिए, रेलवे ने रतलाम-महू-खंडवा-अकोला (472.64 किमी) आमान परिवर्तन परियोजना शुरू की है। अनुमानित लागत 5411 करोड़ रु. है। मार्च, 2021 तक 2261 करोड़ का व्यय किया गया है। इस परियोजना के लिए वर्ष 2021-22 के लिए 350 करोड़ रु. का परिव्यय प्रदान किया गया है।

परियोजना की 256 किमी. लंबाई को कमीशन कर दिया गया है। 52 हेक्टेयर राजस्व भूमि का भूमि अधिग्रहण, मध्य प्रदेश में 230 वन भूमि की वानिकी मंजूरी और महाराष्ट्र में वन्य जीवन संबंधी मंजूरी का कार्य शुरू कर दिया गया है। उपलब्ध भूमि पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

वर्तमान में, खंडवा को 69 जोड़ी गाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है जो अन्य स्टेशनों के साथ-साथ इसे मुंबई, पुणे, दिल्ली, अमृतसर, लखनऊ, गोरखपुर, कोलकाता, सिकंदराबाद, बेंगलुरु आदि स्टेशनों से जोड़ती हैं। वर्तमान में, खंडवा से नई गाड़ी सेवा शुरू करने के संबंध में फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक औचित्य, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन, भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना एक सतत प्रक्रिया है।

******

S.K